सेंट जूड्स की कैंसर पीड़ित बच्चों को निशुल्क आवास सुविधा

जयपुर | कैंसर पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को निशुल्क पोषण और आवास सुविधा के लिए सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर ने जयपुर में अपने कविता केयर सेंटर का विस्तार किया है। इसकी क्षमता को 40 से बढ़कर 77 यूनिट की गई है। यानी अब यहां 77 परिवारों को सुविधा मिल सकेगी। इसमें अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) से गुजर रहे बच्चों के लिए 24 और बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी रोगियों के लिए 13 समर्पित इकाइयां है। इस केंद्र में बाहर से इलाज के लिए आने वाले पीड़ित परिवारों सुविधा दी जाती है। श्री बालाजी इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड के निदेशक आशीष कनोडिया ने यह जानकारी दी।